चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/2757
दिनांक :– 21-9-2023

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–2025 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु समय–सारणी।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या–3050/सत्तर–2–2023–16(11)/2017 टी0सी0, दिनांक 15, सितम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठयक्रमों (बी0एड0 पाठयक्रम को छोडकर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु निम्नवत् समय – सारणी निर्धारित की गई हैः–

क्रम सं0	कार्यवाही	समय– सीमा
01.	विश्वविद्यालय में नये पाठयक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव आनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 15 सितम्बर से 15 दिसम्बर, 2023 तक।
02.	विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना।	दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 20 जनवरी, 2024 तक 01. अनापत्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को सत्यापन हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा। 02. तदोपरान्त जिलाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त होने के अधिकतम एक माह के अन्दर सत्यापन रिपोर्ट सम्बन्धित विश्वविद्यालय को आनलाईन प्रेषित कर देगा।
03.	अनापत्ति आदेश आनलाईन निर्गत किया जाना	दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक
04.	ऑनलाईन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के	दिनांक 10 फरवरी, 2024 तक

	विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	
05.	शासन में अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 20 फरवरी, 2024 तक।
06.	निरीक्षण मण्डल का गठन	दिनांक 05 मार्च, 2024 तक। (01) अनापत्ति आदेश आनलाईन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 28 फरवरी तक निरीक्षण मण्डल का गठन के सम्बन्ध में आवेदन किया जाएगा। (02) तद्‌परान्त विश्वविद्यालय द्वारा 05 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा।
07.	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना।	दिनांक 05, अप्रैल 2024 तक।
08.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 20, अप्रैल, 2024 तक।
09.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 10 मई, 2024 तक।
10.	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 31 मई, 2024 तक।

अतः समस्त सम्बन्धित संस्थान/महाविद्यालय उपर्युक्त निर्धारित समय – सारणी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 से अनापत्ति/सम्बद्धता हेतु आनलाईन आवेदन https://henoc.upsdc.gov.in पर करना सुनिश्चित करें। अन्य किसी प्रकार से प्रेषित अनापत्ति/सम्बद्धता प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन पाठयक्रम में अनापत्ति/सम्बद्धता हेतु मात्र वे संस्थान/महाविद्यालय ऑनलाइन आवेदन करें, जिन संस्थान/महाविद्यालयों के पास नैक. मूल्याकंन का प्रमाण पत्र शैक्षिक सत्र 2024–2025 तक अथवा आगामी वर्षो तक मान्य हो।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)